पण्डालों में मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरुप की आराधना

मांडा और भारतगंज के १०५ पण्डालों में मां की प्रतिमाएं स्थापित

मांडा (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मांडा क्षेत्र के विभिन्न बाजारों, ग्रामीण अंचलों और भारतगंज कस्बे में स्थापित दुर्गा पूजा पण्डालों में प्रथम दिन मां शैलपुत्री की विधि-विधान से आराधना की गई। घटस्थापना और प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही समूचे क्षेत्र में 'जय माता दी' के जयकारे गूंजने लगे हैं।

शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में मांडा विकास खंड की ६९ ग्राम पंचायतों, उनसे जुड़े मजरों और भारतगंज कस्बे को मिलाकर कुल १०५ दुर्गा पूजा पण्डाल सजाए गए हैं।

पहले दिन प्रतिमाओं की साज-सज्जा और प्राण-प्रतिष्ठा के चलते सुबह की पहली आरती दोपहर बाद संपन्न हो सकी। विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती के बाद पण्डालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। सुबह से देर शाम तक गूंजते देवी गीतों, पारंपरिक पचरा और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरा इलाका भक्तिमय वातावरण में डूब गया है। अगले नौ दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

ग्राम प्रधान ने फीता काटकर की पूजा-अर्चना

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत बिलारी गांव में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थापित दुर्गा पूजा पण्डाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बबलू मौर्य ने विधिवत फीता काटकर किया। इसके उपरांत उन्होंने मां दुर्गा की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना व आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बबलू मौर्य का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। पण्डाल में माता रानी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान धर्मेंद्र प्रताप मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि दीपचंद्र चौरसिया, ऊषा देवी, रोहित चौरसिया, बेचू चौरसिया, विशाल सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन से समूचे गांव में धार्मिक उत्साह और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

लैब में घुसकर युवक से मारपीट, मोबाइल छीना

तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मांडा (प्रयागराज)। चिलबिला बाजार स्थित एक पैथोलाजी लैब में काम कर रहे युवक का मोबाइल छीनने और विरोध करने पर लैब संचालक एवं महिला कर्मी के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मांडा थाना क्षेत्र के बेदौली गांव निवासी हर्षित कुमार पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ९ अक्तूबर को वह चिलबिला बाजार स्थित हर्षित कुमार की लालपथ लैब में बैठकर काम कर रहा था। इसी दौरान नहवाई निवासी निलेश तिवारी दो अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा और उसका मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि इसके बाद तीनों ने लैब में काम कर रही युवती पूनम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लैब संचालक हर्षित कुमार के साथ मारपीट की, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आज का मुहूर्त

दिनांक- १२ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- द्वितीया रात्रि ०८.१३ तक उपरान्त तृतीया
वार- सोमवार
नक्षत्र- स्वाती १२.०४ तक उपरान्त विशाखा
योग- विष्कुम्भ रात्रि ०९.४८ उपरान्त प्रीति
राशि- तुला
सूर्योदय- ०६.१३ बजे
सूर्यास्त- ०५.४७ बजे
राहुकाल- प्रात:काल ०७.३० से ०९ बजे तक
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- स्वाती नक्षत्र में रात्रि को मिथुन लग्न में गर्भाधान, प्रसूति स्नान, नामकरण, अन्नप्राशन, नृत्य गीत वाद्य और कला का आरम्भ, क्रय-विक्रय, वाहन क्रय, दीक्षा ग्रहण, नौकरी के लिए आवेदन करना, आभूषण निर्माण।
विशेष- द्वितीया ब्रह्मचारिणी देवी का दर्शन पूजन अर्चन केश प्रसाधन हेतु देवी जी को कंधी अर्पित करें।

टेला ठकुरान बस्ती में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया विकासखंड क्षेत्र के टेला ठकुरान बस्ती में तेंदुआ दिखायी देने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद लोग सतर्क हो गये हैं और रात के समय घरों से बाहर निकलने में सावधानी बरत रहे हैं। गांव निवासी बाबा सिंह ने बताया कि वह आधी रात को बाथरूम जाने के लिए उठे थे। इसी दौरान उनकी नजर तेंदुए पर पड़ गयी। अचानक तेंदुए को देखकर वह घबरा गये और तत्काल इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी।

बाबा सिंह के अनुसार, उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी तेंदुए की गतिविधि कैद हुई है। फुटेज में तेंदुआ बस्ती से गुजरता दिखायी दे रहा है। उन्होंने घटना की जानकारी हंडिया के उपजिलाधिकारी को भी दी है।

तेंदुए की सूचना के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने में सावधानी बरत रहे हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश में कई घंटे तक अभियान चलाया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए की तलाश कर उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने तथा बस्ती के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



मिशन शक्ति के तहत जागरूकता रैली निकालतीं महिला पुलिसकर्मी।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

हेल्पलाइन नम्बरों की दी जानकारी

घूरपुर (प्रयागराज)। मिशन शक्ति फेज-५.० के तहत रविवार शाम घूरपुर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने गौहनिया बाजार और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को सुकन्या समृद्धि योजना, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बीसी सखी योजना, महिला स्वयं सहायता समूह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। टीम ने कहा कि पात्र महिलाएं इन योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं।

पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए ११२, महिला हेल्पलाइन के लिए १८१, वूमेन पावर लाइन के लिए १०९० और बाल सहायता के लिए १०९८ पर संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर १०७६ के बारे में भी जानकारी दी गयी।बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए टीम ने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, किसी से ओटीपी साझा नहीं करने और आनलाइन ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर १९३० पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। पुलिस के अनुसार, मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत आगे भी स्कूलों, कालेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने का आरोप

छ: लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र में मकान का ताला तोड़कर गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त करने और कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बोड़ीपुर धरौता गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र रामजतन ने बताया कि उनके पिता ने कृषिंहपुर उर्फ अलीपुर गांव में बैनामे के जरिए जमीन खरीदी थी। इसके बाद वहां पक्का मकान बनवाकर परिवार के साथ रहने लगे। आरोप है कि ८ अगस्त को वह मकान में ताला लगाकर खेती-किसानी के सिलसिले में अपने पैतृक गांव बोड़ीपुर धरौता चले गये थे। आरोप है कि वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला और घर में रखा गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त था। मकान में दूसरे परिवार के रहने की जानकारी मिलने पर अशोक कुमार ने विरोध किया। इस पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए मकान को अपना बताकर उन्हें वहां से चले जाने को कहा। विरोध करने पर मारपीट की गयी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया गया।

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने पहले पुलिस से लिखित शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद तहसील सोरांव में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई। मऊआइमा पुलिस ने रविवार को अशोक कुमार की तहरीर पर शिवमूर्ति, शिवबरन, शंकरलाल, सचिन कुमार, रामजन और अनिल कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रास्ते में घेरकर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

मांडा (प्रयागराज)। सुनसान रास्ते में घेरकर युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में अदालत के आदेश पर मांडा पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पहले पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। मांडा थाना क्षेत्र के बरबसपुर गांव निवासी सत्यम पांडेय पुत्र स्वर्गीय मनु पांडेय ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि २५ जुलाई २०२६ को वह घर से बाजार की ओर जा रहा था। रास्ते में सुनसान स्थान पर पहले से घात लगाकर बैठे राकेश पांडेय, दिनेश पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमित पांडेय और दीपक पांडेय ने उसे रोक लिया। आरोप है कि पांचों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित के मुताबिक, थाने पहुंचने पर पुलिस ने उसकी चिकित्सकीय जांच कराकर इलाज कराया, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद उसने अधिकारियों से भी शिकायत की, पर काररवाई नहीं हुई। अंततः अदालत के आदेश पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धूमधाम से निकली कर्ण घोड़ा शोभायात्रा

फाफामऊ में आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

फाफामऊ (प्रयागराज)। श्रीरामलीला कमेटी फाफामऊ की ऐतिहासिक कर्ण घोड़ा शोभायात्रा रविवार को धूमधाम और भव्य सजावट के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजे, भांगड़ा, डीजे और आकर्षक विद्युत सज्जा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं, एक दर्जन से अधिक कलात्मक चौकियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को देर तक बांधे रखा। शोभायात्रा की अगुवाई महापौर ने की।



शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीरामलीला रंगमंच पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना और आरती के बाद हुआ। कमेटी के संरक्षक संतबक्स सिंह, महेंद्र केसरवानी और अध्यक्ष धीरेंद्र केसरवानी ने पूजन के बाद कर्ण घोड़ा जुलूस को रवाना किया। जुलूस रंगमंच से निकलकर पुरानी गली, फाफामऊ बाजार, बनारस रोड, इलाहाबाद रोड और प्रतापगढ़ रोड होते हुए पुराने फाफामऊ स्थित रामलीला मैदान पहुंचा। यहां ध्वजा-पताका फहराने के बाद शोभायात्रा वापस रामलीला रंगमंच पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

शोभायात्रा के दौरान मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ जुटी रही। सजे-धजे घोड़ों और ऊंटों के साथ बैंड-बाजे की धुन तथा आकर्षक चौकियों ने पूरे क्षेत्र को उत्सवी माहौल में रंग दिया।

इस अवसर पर शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के निदेशक उपेंद्र सिंह, सालिक राम साहू, अजय सिंह, श्यामबाबू केसरवानी, कमेटी के महामंत्री सुरेश केसरवानी, रणजीत बहादुर सिंह, विजय दीक्षित, आरडी वर्मा, प्रेम बहादुर सिंह, गोपी चंद्र केसरवानी, गौरव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, श्यामबाबू गुप्ता, जय सिंह, अजय जायसवाल और संदीप यादव सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

कोरांव बार संघ चुनाव के नामांकन पत्रों की बिक्री आज से

कोरांव (प्रयागराज)। बार एसोसिएशन तहसील कोरांव के आगामी चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। निर्वाचन अधिकारियों ने चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि १२ अक्तूबर से प्रमाणित मतदाता सूची और नामांकन पत्रों का वितरण किया जाएगा। प्रत्याशी १३ और १४ अक्तूबर को भी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। मतदान ३० अक्तूबर को होगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, १२ अक्तूबर को सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे तक प्रमाणित मतदाता सूची और नामांकन पत्रों का वितरण होगा। नामांकन की प्रक्रिया १३ और १४ अक्तूबर को सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे तक चलेगी। १४ अक्तूबर को शाम ५:३० बजे प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच १५ अक्तूबर को होगी। वैध नामांकन पत्रों की सूची १६ अक्तूबर को दोपहर एक बजे जारी की जाएगी। प्रत्याशी १७ अक्तूबर को सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे तक अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसी दिन शाम ५ बजे वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशियों का दक्षता भाषण २४ अक्तूबर को दोपहर एक बजे होगा। मतदान ३० अक्तूबर को सुबह ९ बजे से शाम ५ बजे तक कराया जाएगा। इसके बाद शाम ५:३० बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित किये जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की जानकारी पूर्व अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी बेचन लाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी रोहिणी प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी दादाजी के. सिंह तथा निर्वाचन सचिव अधिवक्ता श्याम मिश्रा ने दी।

महिला सुरक्षा को लेकर सड़कों पर उतरी हंडिया पुलिस

मिशन शक्ति के तहत किया रूट मार्च

हंडिया (प्रयागराज)। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-०६ के तहत रविवार को हंडिया पुलिस ने कस्बे में रूट मार्च किया। सहायक पुलिस आयुक्त शेषधर पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रूट मार्च में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह सहित थाने की पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में बिना झिझक पुलिस की सहायता लें।

सहायक पुलिस आयुक्त शेषधर पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य ऐसा सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण तैयार करना है, जिसमें महिलाएं और बालिकाएं बिना किसी डर के अपने दैनिक कार्य कर सकें और जीवन में आगे बढ़ें।

प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस लगातार सतर्क है। जागरूकता और पुलिस की



सक्रियता से महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। रूट मार्च के माध्यम से पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। साथ ही लोगों से महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को देने की अपील की गयी।

पाइप फटने से सड़क पर बह रहा पानी, राहगीर परेशान

उतरांव (प्रयागराज)। सैदाबाद ब्लाक के ग्रामसभा करौहा के मजरा नौबाजार गांव के पास नेशनल हाईवे के अंडरपास के नीचे जल निगम की पाइप फटने से पिछले कई महीनों से हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। लगातार पानी बहने से सड़क पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइप क्षतिग्रस्त होने की जानकारी संबंधित विभाग के कर्मचारियों को कई बार दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं करायी गयी। पानी लगातार सड़क पर बहने से जहां पेयजल की बर्बादी हो रही है, वहीं सड़क भी खराब होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने जल निगम के अधिकारियों से जल्द पाइप की मरम्मत कराने और सड़क पर जमा पानी की निकासी कराने की मांग की है।

प्लाट पर मिट्टी डलवाने को लेकर मारपीट

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। प्लाट पर मिट्टी डलवाने के दौरान पड़ोसियों ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार, बहेलिया बिगहा पोस्ट टिकरी निवासी नागेश्वर कुमार शुक्ला पुत्र त्रिभुवन शुक्ला वर्तमान में नैनी के शंकर ढाल, खुराना मार्केट में रहते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह करीब ११ बजे वह अपने प्लाट पर मिट्टी डलवा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके पड़ोसी बबलू यादव और जितेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। तहरीर के आधार पर नैनी थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हेड मुहर्रिर अमित कुमार सिंह ने तहरीर की नकल कंप्यूटर पर टाइप कराए जाने की पुष्टि की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी।

सुंदरकांड पाठ और मुकुट पूजन के साथ शुरु हुई रामलीला

नैनी (प्रयागराज)। मानस रामलीला समिति की ओर से शनिवार, ११ अक्तूबर को रामलीला का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ और मुकुट पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के बाद आदर्श रामलीला मंडल, चित्रकूट (मध्य प्रदेश) के कलाकारों ने नारद मोह और रावण जन्म की लीलाओं का सजीव मंचन किया। मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ आचार्य अभिनव शर्मा और उनके शिष्यों ने सम्पन्न कराया। इसके बाद पंडित त्रिलोक नारायण चतुर्वेदी एवं सूर्य नारायण मिश्रा के निर्देशन में कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। प्रथम दिवस पर रामचरितमानस की चौपाइयों के माध्यम से नारद मोह और रावण जन्म की कथा प्रस्तुत की गयी। कलाकारों के अभिनय और संवादों को दर्शकों ने खूब सराहा।

रामलीला के शुभारंभ पर समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर धार्मिक माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग लीला देखने पहुंचे। इस अवसर पर मानस रामलीला समिति के मुख्य संरक्षक प्रदीप महरा शास्त्री, अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, संरक्षक शिवशंकर दीक्षित, राकेश श्रीवास्तव, सुभाष प्रधान, मोहम्मद अजहर, सुभाष केशरवानी, उप कोषाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, अर्पित तिवारी, विनोद जैकब, पवन पांडेय, राजेश थापा, दीना भैया, विजय कुशवाहा, डा. ओपी पांडे, करन हांडा, राजकुमार तिवारी और स्वामी कौशल्या नंद गिरी, आचार्य महामंडलेश्वर, सनातनी किन्नर अखाड़ा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी समिति के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने दी।

संचारी रोग नियंत्रण को लेकर कोड़ापुर में चला सफाई अभियान

फूलपुर (प्रयागराज)। संचारी रोगों की रोकथाम और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए फूलपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत कोड़ापुर में शनिवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। ग्राम प्रधान फूलकली रावत की पहल पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर करीब एक दर्जन सफाईकर्मियों ने गांव की नालियों और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की।

ग्राम प्रधान के पति एवं वरिष्ठ पत्रकार मौजी लाल रावत ने गांव में सफाई अभियान चलाने के लिए एडीओ पंचायत राजेश कुमार सिंह से बातचीत की थी। इस पर उन्होंने बताया कि कोड़ापुर में सफाई का रोस्टर १५ अक्टूबर को निर्धारित है, लेकिन पहल को देखते हुए शनिवार को ही अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। इसके बाद सफाईकर्मियों की टीम गांव पहुंची और नालियों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने और आसपास गंदगी जमा न होने देने के प्रति जागरूक किया गया। समय से पहले सफाई अभियान चलाए जाने से ग्रामीणों में खुशी देखी गयी। इस मौके पर सफाई नायक सोहन यादव, सफाईकर्मी राम प्रसाद, दिनेश यादव, धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार, आनंद कुमार, राकेश कुमार, शशि कुमार, उदित नारायण, राजेश कुमार, राम दुलार, बसंती देवी और दयाशंकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा पण्डाल के सामने गंदगी का अंबार

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया विकासखंड के बरौत कस्बे में टेला रोड स्थित शारदीय नवरात्र के मां दुर्गा पूजा पण्डाल के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिम्मेदारों को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक सफाई नहीं करायी गयी। इससे पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में नाराजगी व्याप्त है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, दुर्गा पूजा पण्डाल के सामने लंबे समय से कूड़े का ढेर लगा हुआ है। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और सफाई कर्मचारियों को कई बार दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। नवरात्र के दौरान पण्डाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में गंदगी के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं करायी गयी तो गंदगी के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तत्काल सफाई कराने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फिरोज अहमद ने बताया कि सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मचारी को सूचना दी गयी थी, लेकिन अभी तक सफाई नहीं हो पाई है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराने का प्रयास किया जायेगा। वहीं, हंडिया के उपजिलाधिकारी ने कहा कि यदि इस तरह की समस्या है तो उसे गंभीरता से लेते हुए दूर कराया जायेगा।

बालिकाओं की शिक्षा, अधिकार और नेतृत्व विकास पर दिया जोर

सहसों (प्रयागराज)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अमृत एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मिशन शक्ति के अंतर्गत गयादीन विश्वकर्मा इंटरमीडिएट कालेज, भिदिउरा, थरवई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'सशक्त बेटियां, सशक्त राष्ट्र' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता के विकास पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं समाजसेविका डा. अंकिता राज ने कहा कि एक शिक्षित और जागरूक बेटी न केवल परिवार, बल्कि पूरे राष्ट्र का आधारस्तंभ होती है। बालिकाओं को शिक्षा के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनमें आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करना सामाजिक प्रगति के लिए जरूरी है।

कार्यक्रम का शुरुआत ट्रस्ट के अमृत ग्रीन प्रयागराज मिशन के तहत



पौधरोपण के साथ हुई। उत्तर प्रदेश कृषि विभाग की उपनिदेशक शिप्रा विश्वकर्मा और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान केंद्र की एसोसिएट प्रोफेसर डा. पुनीता पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि शिप्रा विश्वकर्मा ने कहा कि बालिकाओं में शिक्षा के साथ निर्णय लेने की क्षमता, आत्मसम्मान और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने का साहस विकसित करना आवश्यक है। डा. पुनीता पांडेय ने बालिका शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बताते हुए उन्हें नेतृत्व के अवसर देने पर बल दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने बालिका शिक्षा और महिला सशक्तीकरण में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर छात्राओं को प्रेरणादायक पुस्तिकाएं वितरित की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से जुड़े राममूरत विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

जगन्नाथ प्रसाद स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गौहनियाँ, घूरपुर, प्रयागराज महाविद्यालय कोड - 01239

आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर सहायक आचार्य
1. गणित - 01 पद
2. शिक्षा शास्त्र - 01 पद
परास्नातक (पी0जी0) स्तर पर सहायक आचार्य
1. राजनीति विज्ञान - 02 पद
वेतन एवं योग्यता - यू0जी0सी0/उ0प्र0 शासन एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी **20.10.2026** तक निम्न ईमेल आई0डी0 पर अपना आवेदन भेज सकते है अथवा महाविद्यालय के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक जमा कर सकते है एवं महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भी भेज सकते है।
साक्षात्कार की सूचना दूरभाष अथवा पंजीकृत डाक द्वारा दिया जायेगा।
ईमेल-**JPSGROUPOFINSTITUTE@GMAIL.COM** मो0- **9452317543, 9452131261**
प्रबंधक

फार्मेट सी-1
(समाचार पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)
आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पताः — मान सिंह, 240 HIG, प्रीतमनगर, प्रयागराज
राजनैतिक दल का नामः (निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें) — समाजवादी पार्टी
निर्वाचन का नामः — उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2026
निर्वाचन क्षेत्र का नामः इलाहाबाद - झाँसी खण्ड स्नातक

मैं मान सिंह (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँः

(क) लंबित आपराधिक मामले -

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (लो) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	विवेचनाधीन	मु0अ0सं0-0354/2021 धारा 171(ग), 171B, 171E, 171F, 123 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम PS मेजा, जिला-प्रयागराज
2.	लागू नहीं	लागू नहीं	विवेचनाधीन	मु0अ0सं0-0086/2025 धारा-189(2), 292, 329(3) BNS PS बारा, जिला-प्रयागराज

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण -

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।